卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 346 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦28 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता: डीजीपी

### डीजीपी ने जन संवाद कार्यक्रम में सुनी समस्याएं, सराहनीय कार्य करने वाले कई अधिकारी कर्मचारी सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डीजीपी अभिनव कुमार ने शनिवार को एक की बात कही। उन्होंने कई समस्याओं को लेकर मौके पर ही अधिकारियों को का समझौता नहीं किया जायेगा न नही कोई दबाव मंजूर किया जायेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के भयमुक्त समाज के निर्माण में पुलिस प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ हैं। ऐसे कई अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर अनेक मामलों का खुलासा




होटल में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में समस्याएं सुनी और प्रमुख समस्याओं के निवारण के लिए प्रभावी कदम उठाने दिशा निर्देश भी दिये। जनसंवाद और प्रेस वार्ता के दौरान डीजीपी ने कहा कि अपराधों को रोकने में किसी भी प्रकार कहा कि पुलिस का हमेशा यही प्रयास रहा है कि जनता को विश्वास में लेकर हर कार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि रहा है। अनेक मामलों में राज्य से बाहर के अपराधी यहां आकर कई संगीन आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे भी किया है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 24 वर्षों में यहां काफी खुशहाली आई है वहीं रोजगार के (शेष पृष्ठ सात पर)

## करोड़ों की साइबर निवेश धोखाधड़ी का मास्टर माइंड दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसटीएफ पांच करोड़ की साईबर निवेश धोखाधड़ी का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के सरगना को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरोह सोशल मीडिया व्हाटसप के माध्यम से लिंक भेजकर ऑनलाईन ट्रेडिंग / आईपीओ में निवेश कर अधिक मुनाफे का लालच देकर पीड़ितों से अलग–अलग खातों में धनराशि जमा कराते थे। गिरफ्तार अभियुक्त के यूको बैंक के खाते में विगत 7 माह में लगभग 2.34 करोड़ की धनराशि का लेनदेन प्रकाश में आया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस0टी0एफ0 नवनीत सिंह ने बताया कि एक प्रकरण जनपद नैनीताल निवासी पीड़ित द्वारा माह अगस्त 2024 में दर्ज कराया जिसमें उनके द्वारा माह जुलाई 2024 में उनको एक अज्ञात वाट्सअप ग्रुप से जुडना बताया गया, चैंटिग करने के उपरांत शिकायतकर्ता को ऑनलाईन ट्रेडिंग हेतु उक्त ग्रुप में गाईडेन्स किया जाना बताया उक्त ग्रुप में पूर्व से जुडे लोगों द्वारा उसमें अपने प्रॉफिट की धनराशि के स्क्रीनशॉट शेयर किया जाना बताया जिसमें ऑनलाईन स्टाक मार्केट



शेयर खरीदे व बेचे जाना बताया गया। शिकायतकर्ता द्वारा ऑन लाईन ट्रेडिंग करने के लिये अभियुक्तगणों द्वारा व्हाटसप के माध्यम से उपलब्ध कराये गये विभिन्न बैंक खातो में लगभग 64.59 लाख रुपये की धनराशी धोखाधड़ी से जमा करायी गयी। साईबर अपराधियों द्वारा शिकायत कर्ता को ऑनलाईन शेयर मार्केटिंग में अधिक मुनाफे का लालच दिया गया तथा इसमे निवेश करने (शेष पृष्ठ सात पर)

## खेल महाकुंभ के लिए समय पर पूरी करें तैयारी: रेखा आर्या

रुद्रपुर(उद संवाददाता)खेल, युवा कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से खेल महाकुम्भ–2024 के आयोजन की तैयारियों की बैठक लेते हुए कहा कि आगामी 4 अक्टूबर से न्याय पंचायत स्तर पर खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ होना है। इसलिए सभी जिलाधिकारी खेल मैदानों का चयन करते हुए खेलों



की सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। खेल मंत्री ने कहा कि युवा कल्याण एवं प्रा.र. दल विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिता खेल महाकुम्भ 2024 का (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्लॉट पर लोन लेकर 35 लाख में कर दिया सौदा

### धोखाधड़ी में बैंक मैनेजर समेत तीन नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में रहने वाले एक शातिर किस्म के दंपति ने प्लॉट पर बैंक से लोन लेने के बाद बंधक रखी गई भूमि को 35 लाख रूपयों में बेच दिया। बैंक ने प्लॉट नीलामी में लगाया तो खरीदार के पैरों तले जमीन खिसक गई। पूरे प्रकरण में मजे की बात यह है कि खरीदार के एक मिलने वाले ने सौदा होने से पूर्व उसे सचेत भी किया था लेकिन इसके बावजूद पीड़ित पक्ष ने आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ करते हुए खुद को ठगी का शिकार बना लिया। प्रकरण में बैंक मैनेजर की भूमिका भी बेहद संदिग्ध बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दंपति के अलावा इलाहाबाद बैंक के शाखा प्रबंधक को भी कानून के दायरे में लिया है। ग्राम धनौरी पट्टी, प्रतापपुर, काशीपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गढ़ी इन्द्रजीत निवासी गुरुदयाल सिंह पुत्र जागीर सिंह व हरप्रीत कौर पत्नी गुरुदयाल सिंह ने उससे कहा कि भाई साहब हमारा एक प्लाट ग्राम नीझड़ा में है जिसे हम बेचना चाहते हैं, आप ले लो। जब उसने उकत प्लॉट की बात अपने मिलने वालों से की तो उन्होंने कहा कि इन लोगों ने इलाहाबाद बैंक (इण्डियन बैंक) शाखा काशीपुर से कई प्रोपर्टी पर लोन ले रखे हैं, सोच समझकर ही उनके साथ डील करना। पीड़ित ने बताया कि वह उक्त पर लोन है या नहीं, की (शेष पृष्ठ सात पर)

### करोड़ों की पहले भी कर चुके हैं हेरा फेरी

काशीपुर। धोखाधड़ी के अभियुक्त दंपति बेहद शातिर किस्म के बताए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि पूर्व में भी आरोपी दंपति के द्वारा अलग–अलग बैंकों से करोड़ों रुपए कर्ज लिए गए हैं जिन्हें समय पर जमा न करने के कारण बैंक द्वारा बंधक रखी गई संपत्ति को नीलामी पर लगाया गया है। धोखाधड़ी के इस तरह के मामलों में आरोपी दंपति पूर्व में भी कई बार सुर्खियों में रहे।

## ई रिक्शा चालक की धमकी से दहशत में सिपाही

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे पुलिस कर्मी ने एक ई रिक्शा चालक को टोका तो वह अभद्रता पर उतारू हो गया। यही नहीं सरेआम ई रिक्शा चालक पुलिस कर्मी को धमकी देने लगा। धमकी से पुलिस कर्मी दहशत में है उसने मामले तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यातायात पुलिस में क्रेन ऑपरेटर के पद पर तैनात कांस्टेबल योगेश चन्द्र ने ट्रांजिट कैम्प थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते दिनों (शेष पृष्ठ सात पर)

## नजूल भूमि का सौदा कर दस लाख हड़पे,केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति में केपी गंगवार पर नजूल भूमि का करोड़ों में सौदा करने के बाद बयाने में लिए 10 लाख रूपये हड़प लेने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। एसएसपी के निर्देश पर दर्ज कराई गई रपट में परमजीत सिंह पुत्र राजपाल सिंह, निवासी वार्ड 33, शांति विहार कालोनी, जगतपुरा,ने कहा है कि वह प्रोपर्टी डीलिंग का कार्य कर अपना भरण पोषण करता है। उनका कहना है एक व्यक्ति कांता प्रसाद गंगवार पुत्र लालता प्रसाद निवासी वार्ड पहाड़गंज माह मई 2024 में उससे मिला और कहा कि उसके पास एक जमीन उसके अपने कब्जे तथा हर प्रकार के विवादों से पाक साफ है। जिसका 2.50 करोड़ रूपये में सौदा करने की बात की। भूमि उसे एवं उसके प्रापर्टी डीलिंग के साझीदारों को पसंद आने पर उक्त कांता प्रसाद ने उससे 13 मई 2024 व 14 मई 2024 को नगद 10 लाख रूपये बयाना लेने के पश्चात एक इकरारनामा तहरीर करके दिया। महोदय, उक्त इकरारनामा 21जून 2024 को कांता प्रसाद ने अपने गवाहान को अपने कार्यालय आवास विकास में बुलाया। वह भी अपने साथ अपने गवाहान को ले गया। उक्त (शेष पृष्ठ सात पर)



बड़े दुःख के साथ सूचित करना है कि मेरे पूज्यनीय पति श्री राजेन्द्र कालड़ा जी का स्वर्गवास दिनांक 18 सितम्बर को हो गया है
उनकी आत्मिक शांति के लिए
रस्म पगड़ी दिनांक 30 सितम्बर दिन सोमवार समय दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक किच्छा-आजाद नगर रोड स्थित सुन्दर बाग पैलेस में सम्पन्न होगी

शोकाकुल परिवार

योगेश–विजय अरोरा(बहन–बहनोई)
मोनिका–पंकज ग्रोवर(पुत्री–दामाद)
कनिका–भारत भूषण चुघ'सोनू'(पुत्री–दामाद)
प्रीति–गौरव तागरा(पुत्री–दामाद)
शिखा–प्रिंस भाटिया(भतीजी–दामाद)
नेहा–विशाल गुम्बर(भतीजी–दामाद)
स्वाति–अजय अनेजा(भतीजी–दामाद)

श्रीमति कंचन कालड़ा(पत्नी)
अमित कालड़ा'विक्की'–सोनिया (पुत्र–पुत्रवधु)
हिमांशु कालड़ा–रीमा (भतीजा–पुत्रवधु)
राहुल कालड़ा(भतीजा)
माही कालड़ा(पौत्री)
अभिनव कालड़ा,रेयांश कालड़ा(पौत्र)

एवं समस्त कालड़ा व चुघ परिवार

# युवती के घर में घुस आया विशेष समुदाय का युवक

## हिंदूवादी संगठनों ने काटा हंगामा,दुकान और घर में की तोड़फोड़

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दमुवाढूंगा निवासी एक युवती के घर में समुदाय विशेष के युवक के पहुंचने की सूचना पर हिंदूवादी संगठनों ने शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। साथ ही युवक की दुकान और घर में तोड़तोड की और आग लगाने की कोशिश की। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट ने युवक की दुकान और घर को सील कर दिया। जानकारी के मुताबिक मुखानी थाना क्षेत्र के देवगंगा विहार में समुदाय विशेष के एक युवक का माड्यूलर किचन का प्रतिष्ठान है। कुछ साल पहले ही उसने यह भवन खरीदा था। लोगों ने बताया कि दमुवाढूंगा निवासी एक युवती उसकी दुकान में कार्य करती थी। छह माह पहले युवती ने काम छोड़ दिया, लेकिन आरोपी का उसके घर आना जाना लगा रहा। बृहस्पतिवार को भी आरोपी दमुवाढूंगा में युवती के घर गया था। शुक्रवार दोपहर हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों को इसकी भनक लगी तो वह दोपहर में देवगंगा विहार जा धमके। उन्होंने हंगामा करते हुए आरोपी की दुकान पर तोड़फोड़ की और घर में खड़ी मोटर साइकिलों में आग लगाने का प्रयास किया। इससे दो बाइकों की सीटें जल गईं। वहीं दुकान का कांच भी टूट गया।



प्रदर्शनकारी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने और उसके घर को सील करने की मांग कर रहे थे। तीन घंटे तक मौके पर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। बाद में पुलिस ने मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। हंगामा थमता न देख बाद में सिटी मजिस्ट्रेट ने लोगों की मांग पर आरोपी की दुकान और घर को सील कर दिया। पीड़िता की ओर से तहरीर थाने में नहीं दी गई थी। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि मामले में युवती से पूछताछ की गई है। उसने युवक के साथ अपनी पुरानी पहचान बताई है। इसमें युवती ने अभी तक कोई शिकायत नहीं दी है। कोई भी संगठन अगर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन कारियों के आक्रोश को देख पुलिस पहले आरोपी के घर के मुख्य गेट को सील कर रही थी। गेट की ऊंचाई कम थी। प्रदर्शनकारियों ने आंशका जताई कि गेट की ऊंचाई कम होने के कारण आरोपी आसानी से घर में प्रवेश कर सकता है। वह मुख्य गेट के भीतर स्थित अन्य गेटों को भी सील करने की मांग करने लगे। जिस पर पुलिस ने मुख्य गेट के अलावा अंदर के तीनों गेटों पर ताला लगा दिया। हंगामा कर रहे लोगों ने बताया कि आरोपी घर में नीचे बेसमेंट भी है। उन्होंने आशंका जताई कि आरोपी बेसमेंट में हो सकता है। उन्होंने बेसमेंट की भी जांच की मांग की और बेसमेंट में प्रवेश करना चाहा लेकिन पुलिस ने उन्हें नीचे नहीं जाने दिया।

# टीडीसी की बैठक में नये मुख्यालय भवन के निर्माण की स्वीकृति

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सीड्स एण्ड तराई डेवलपमेण्ट कारपोरेशन लि० की 248वीं निदेशक मण्डल बैठक 27 सितम्बर को अपर मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन उत्तराखण्ड शासन/ अध्यक्ष, टीडीसी की अध्यक्षता में देहरादून में आयोजित हुई। बैठक में निगम के उत्थान से सम्बन्धित विभिन्न प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान की गई। निगम के प्रबन्ध निदेशक उदयराज सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि पन्तनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के कारण निगम के नये मुख्यालय भवन की आवश्यकता है, इस हेतु नये मुख्यालय भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं यथा आगामी रबी 2024-25 सत्र हेतु फुटकर विक्रय दरों, आगामी सत्रों हेतु विपणन रणनीति, आगामी रबी 2024-25 बीज उत्पादन कार्यक्रम, हल्दी स्थित परिसर के उक्त के साथ-साथ बैठक में निगम के व्यवसाय में वृद्धि करने हेतु विभिन्न सम्भावित विकल्पों पर चर्चा की गई। संस्थाओं के माध्यम से गेहूँ प्रमाणित बीज विक्रय किया जाता है। जिसकी मांग वहाँ की परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित होती



ध्वस्तीकरण, बैलेंस शीट तथा कार्मिकों के हित में अन्य विभागों में समायोजन इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त निर्णय लिये गये। निगम द्वारा उत्तराखण्ड के अतिरिक्त बाह्य राज्यों यथा बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ इत्यादि राज्यों में सरकारी रहती है। अत: उक्त के सम्बन्ध में विपणन की मांग के दृष्टिगत बीज उत्पादन हेतु राज्य की अन्य बीज उत्पादक संस्थाओं से समन्वय किया जा सकता है, जिसके क्रियान्वयन हेतु विकल्प उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन, जिलाधिकारी, ऊधम सिंह नगर/प्रबन्ध निदेशक, टीडीसी, अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन, कृषि निदेशक, उत्तराखण्ड, डा अभय सक्सेना, मुख्य कृषि अधिकारी, ऊधम सिंह नगर/महा प्रबन्धक, टीडीसी डॉ अभय सक्सेना, मुख्य महाप्रबन्धक (फार्म),विवि, पन्तनगर, कृषक निदेशकगण अंकुर पपनेजा, हरमन्दर सिंह सिद्धू, हरभजन सिंह, प्रीत कुमार, संयुक्त निदेशक, उद्यान, उत्तराखण्ड, मुख्य कोषाधिकारी/ वित्त नियंत्रक टीडीसी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल व टीडीसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 अक्टूबर को निकलेगी मां मनसा देवी की शोभायात्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर में प्रसिद्ध मां मंसा देवी की शोभायात्रा इस वर्ष 10 अक्टूबर को निकाली जायेगी। मां मंसा देवी की शोभायात्रा को इस वर्ष 52 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। यह शोभायात्रा शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि को मौ लाहौरियान स्थित मां मनसा देवी के मंदिर से निकाली जाती है। पूरे शहर का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचती है। इस विशाल शोभायात्रा में देश के कई राज्यों से धार्मिक झांकियां, राष्ट्रीय प्रतीक को दर्शाती हुई झांकियां भी आकर्षित करती है। शोभायात्रा के संचालक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा भव्य स्वरूप में निकाली जायेगी।

# विज्ञान प्रतियोगिता में जीजीआईसी किच्छा अव्वल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में जीजीआईसी किच्छा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सावेद आलम तथा प्रधानाचार्य आमोद सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया।राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के किया जाता है। द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज चुटकी देवरिया तथा तृतीय स्थान राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांतिपुरी नंबर दो ने प्राप्त किया।



ब्लॉक स्तरीय इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के 20 विद्यालयों से 60 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम आने वाली टीम में जिले स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इस अवसर पर जिला विज्ञान समन्वयक प्रेमचंद, ब्लॉक विज्ञान समन्वयक विनीता चौधरी, श्रीमती मंजरी मिश्रा, आलोक मिश्रा, कमल सिंह रावत, ओमप्रकाश वर्मा, ललित कुमार, प्रभा बर्थवाल, अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2024 में अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किच्छा की अजरा अंसारी, भावना राजपूत तथा सबिया अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय इंटर कॉलेज चुटकी देवरिया मे आयोजित इस अंतर्गत यह प्रतियोगिता दो चरणों में संपर्क संपन्न की जाती है। प्रथम चरण में 30 अंक की लिखित परीक्षा तथा द्वितीय चरण में 200 अंकों की बहु वैकल्पिक राउंड, बजर राउंड, विजुअल राउंड तथा रैपिड फायर राउंड के माध्यम से जिले स्तर की टीम के लिए ब्लॉक से चयन अमीर उद्दीन , पूजा बत्रा, सुधा राठी, कमला गुरुरानी, निधि वर्मा, सहित विभिन्न विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह सर्टिफिकेट एवं मैडल प्रदान किए गए।

# आठ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पोषण माह के उपलक्ष में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर 8 गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं 5 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। पोषण माह मनाने के लिए ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन ने जागरुकता अभियान शुरू किया है। जिसके अंतर्गत पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए किच्छा के भंगा गाव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकती, सहायिकाएं, ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की सुपोषण सखियां एवम ग्राम प्रधान रविन्द्र गंगवार एवम सुपरवाइजर कुशुमलता मोजूद रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के लाभार्थी जैसे गर्भवती माताऐं, धात्री माताएं एवं कुपोषित बच्चे एवं उनकी माताओं को भी शामिल किया गया। उसके उपरांत कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुऐ 8 गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं 5 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया व कुपोषित बच्चों को मूंगफली, भुने चने, खजूर और सत्तू पाउडर वितरित किया गया। जिसमें गर्भवती माताओं को लोहे की कढ़ाई, काला चना, सोयाबीन, राजमा व साबूत मूंग दाल वितरित किया गया।ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की टीम द्वारा इन सभी चीजों को अपने रोजाना के आहार में अपनाने की सलाह दी तथा स्वच्छता एवं संपूर्ण आहार के बारे में जानकारी दी। उसके पश्चात सही पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थो की जानकारी दी व स्थानीय खाद्य पदार्थ को अपने खाने में शामिल करने की सलाह दी। जैसे मड़वा, जौ, बाजरा, रागी इत्यादि। वह गर्भवती माताओं को खास देखभाल, सही व भरपूर आहार लेने को कहा साथ ही 6 माह के बच्चों की माता को ऊपरी आहार के विषय में जानकारी दी गई। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन से अनुज, मनीष, दीपा एवं पूनम शर्मा उपस्थित रहे।



# निकाय चुनाव में बढ़ायें मतदान प्रतिशत: मस्तु दास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।निकट भविष्य में प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी की दृष्टिगत सहायक मुख्य बैठक कर दायित्व निर्वहन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उनकी समस्याओं को भी जाना। बैठक में अपर जिला अधिकारी फिंचाराम चौहान, ने इस दौरान सभी एआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्रांतर्गत मतदाताओं व मतदाता सूची का ठीक



निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड मस्तु दास ने जनपद नैनीताल अंतर्गत एआरओ, बीएलओ, सुपर वाइजर, आशा कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, उपजिलाधिकारी व तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकार से सर्वे किया जाए तथा ऐसे नवयुवक नवयुवतियां जो हाल ही में 18 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं, उनको मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोडा जाए और सर्वे कर अपने क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सूची तैयार कर लें। अन्य प्रदेश या जनपद के वह मतदाता जो पूर्व में यहां किराए पर रहकर कार्य करते थे, जिनका मतदान सूची में अभी भी नाम अंकित है, लेकिन जो वर्तमान में अन्यंत्र स्थान पर निवासरत हैं, उनका आवश्यक कार्यवाही करते हुए नाम हटाने के लिए कहा व मतदान सूची से दिवंगत मतदाताओं के नाम भी हटाने के लिए निर्देशित किया। ऐसे मतदाता जिनके नाम अलग अलग वूथों में अंकित हैं, उनको भी हटाने के लिए निर्देशित किया। जनपद नैनीताल भ्रमण पर आए सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरा, लाइट, सिक्योरिटी और साफ सफाई की व्यवस्था को भी देखा है

# आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। आँगनबाड़ी केन्द्र नूरपुर में पोषण माह का आयोजन किया गया।पोषण माह कार्यक्रम में सीएचओ मोनिका विवादरी, बीएचओ सुषमा यादव द्वारा महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य



जाँच कर एनिमीया से बचाव व टीकाकरण के फायदे बताए गये। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गयी। रंगोली के माध्यम से मोटे अनाज के सेवन हेतु प्रोत्साह किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकत्री ममता ऊमुराव, लक्ष्मी, प्रीती, हेमा काण्डपाल, तारा देवी, सहायिका सालमनी व आशा, इन्दू, रीत बीना, सलोनी, गुड्डी, नूरजहाँ, खुशनुमा आदि उपस्थित थे। पत्रकार यशवंत प्रियदर्शी द्वारा कार्यकम की संचालन किया गया।

# बाल श्रम,भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह पर करें सख्त कार्यवाही: सीडीओ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने जनपद में बाल श्रम, भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने विकास भवन सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक लेते हुए कहा कि बालश्रम, भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह अपराध है इसलिए सभी अधिकारी समन्वय बनाते हुए नियमित छापेमारी करें व बालश्रम भिक्षावृत्ति कराने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बाल श्रम कानूनी अपराध है इसके लिए जन-जन को जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि भोजन, खेल, पढ़ाई हर बच्चें का अधिकार है। उन्होने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी के रूप में काम कराना बाल मजदूरी में आता है मजदूरी कराने वालों को दो साल की जेल एवं 50 हजार रूपये तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होने जनपद में औद्योगिक संस्थानों, दुकानों, ढाबों, खोखा, ठेली, ईट भट्टों आदि में सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास अधिकारी, प्रोबेशन, शिक्षा, पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से टीम बनाकर नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अगर बाल श्रम व भिक्षावृत्ति करते बच्चें पाये जाते है तो उन बच्चों को शिक्षा हेतु नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों अथवा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क आवासीय विद्यालय काशीपुर, गदरपुर व सितारगंज में दाखिला करवाना सुनिश्चित करें ताकि बच्चें निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने बाल विवाह रोकने हेतु टास्क फोर्स टीमों को सक्रिय होकर क्षेत्रों का भ्रमण करने तथा स्वंय सेवी संस्थाओं, जनता व जनप्रतिनिधियों से नियमित संवाद करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने भी अवगत कराया कि माह अप्रैल से वर्तमान तक बच्चों के 151 फोन कॉल प्राप्त हुए हैं जिसमें से 76 बालक व 75 बालिकाएं इस माह में 6 जागरूकता व 5 रेस्क्यू कार्यक्रम किए गए हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बाल श्रम रोकने हेतु रेस्क्यू अभियान बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विद्यालयों के खेल के मैदान तथा सभी सार्वजनिक स्थलों पर लाइट व कैमरे की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व बाल कल्याण समिति को जनपद के सभी मदरसों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए विभाग द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं व नंदागौरा, सुकन्या समृद्धि योजना आदि योजनाओं के बारे में अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस.रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, सहायक श्रमायुक्त अरविन्द सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रेमलता आदि उपस्थित थे।



# फैशन के फील्ड में कैरियर बनाने के लिए उम्र नहीं जुनून होना चाहिए

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांगड़ा की रहने वाली शिवानी कौशल ने शिक्षक के साथ साथ मॉडलिंग में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है उन्होंने मिसेज इंडिया क्लासिक जीतकर अपने मॉडलिंग सफर को ऊंचाई तक पहुंचाया है। एक अवार्ड कार्यक्रम में पहुंची शिवानी कौशल ने बताया कि उन्होंने अपना कैरियर शिक्षक के तौर पर शुरू किया जिसमें उन्हें सफलता भी मिली वह एक स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। लेकिन उनके अंदर मॉडलिंग को लेकर भी काफी उत्सुकता थी । धीरे धीरे उन्होंने मॉडलिंग में भी भाग्य आजमाने का प्रयास किया सबसे पहले मिसेज हिमाचल का खिताब जीतकर वह सुर्खियों में आई। इसके बाद कई इवेंट किये जिसमे उन्हें लोगो का भरपूर प्यार व समर्थन मिला। शिवानी ने बताया कि अब तक वह दर्जनों अवार्ड जीत चुकी हैं । बतौर शिवानी मॉडलिंग एक अच्छा कैरियर है लेकिन कुछ लोग इसे बदनाम कर रहे हैं शार्ट कट रास्ता हमेशा नुकसान ही करता है अगर सही मुकाम हांसिल करना है तो खूब मेहनत करनी होती है वह भी पूरी ईमानदारी के साथ तो रास्ता अपने आप बन जाता है। उन्होंने बताया कि मॉडलिंग में कैरियर बनाने के लिए फिट रहना जरूरी है उसके लिए, योगा, जिम कर सकते हैं साथ ही हेल्दी डाइट भी जरूरी है।इससे शरीर मे ऊर्जा बनी रहती है तथा पॉजिटिविटी बनी रहती है नकारात्मक सोच से भी बच सकते हैं। शिवानी ने बताया कि वह मॉडलिंग में रोल मॉडल बनना चाहती हैं ताकि महिलाओं को भी इससे प्रेरणा मिले और वह भी इस और आकर्षित होकर अपनी अलग पहचान बनाए।



# तकनीकी हस्तांतरण पर रूस के साथ एक और करार

पंतनगर (उद संवाददाता)। रूस की मॉस्को स्टेट एकेडमी ऑफ वेटेरिनरी मेडिसिन एंड बायोलेक्नोलोजी, मॉस्को के साथ गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मध्य पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तकनीकी शोध एवं शिक्षा के आदान-प्रदान हेतु दोनों विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू पर सहमति हुई। एमओयू हेतु पंतनगर विश्वविद्यालय से कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में चार सदस्यीय वैज्ञानिकों का प्रतिनिधिमंडल मॉस्को पहुंचा । इस प्रतिनिधिमंडल में कुलपति डॉ चौहान के साथ डायरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर्स - डॉ शिवा प्रसाद, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय- डॉ. के.पी रावेरकर एवं विभागाध्यक्ष पशुचिकित्सा विज्ञान डॉ.एस.सी त्रिपाठी, एवं डॉ ज्योति प्रसाद प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग शामिल है । मॉस्को स्टेट एकेडमी ऑफ वेटेरिनरी मेडिसिन एंड बेयोटेक्नोलॉजी की ओर से रेक्टर डॉ. पी सरजी ब्लाडेमेरोविच, डीन ऑफ फैकल्टी मॉस्को वेटेरिनरी एकेडमी डॉ अब्रामोव पावेल, डॉ अलेक्जेंडर, ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और एकेडमी में चल रहे शोध कार्यों का भ्रमण कराया। शोध कार्यों में मुख्य रूप से घोड़ों पर चलाएं जा रहे शोध कार्य, जंगली भेड़ और रोमेनो को प्रजनन कराकर भ्रूण प्रत्यारोपण से प्राप्त भेड़, वेटेरिनरी क्लिनिक्स के अंतर्गत सर्जरी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, जेनेटिक इंजीनियरिंग एवं जेनेटिक रिसोर्स लैब, आदि के बारे में जानकारी साझा की। उनने आशा व्यक्ति की कि इस एमओयू से शोध के क्षेत्र में नए परिणाम सामने आएंगे। पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चौहान ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की प्रगति एवं हरित क्रांति के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान एवं विश्व में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के स्थान से अवगत करवाया । कुलपति ने कहा कि भारत और रूस आजादी के समय से ही अच्छे मित्र रहे है और वर्तमान में दोनो देश तकनीकी और वैज्ञानिको के हस्तांतरण के माध्यम से और अच्छा काम करें गे जिस से दोनो विश्व विद्यालय और देशो को उत्पादन और उत्पादकता के क्षेत्र में लाभ होगा। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से पशु चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न महत्वपूर्ण शोध पहलुओं जैसे एनिमल क्लोनिंग , ओवम पिकअप तकनीक, जीन कैरेक्टराइजेशन , वैक्सीन उत्पादन आदि आपसी सहयोग के मुख्य क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा इस एमओयू से दोनों देशों के वैज्ञानिक एवं शोध छात्र विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य कर दोनों देशों के प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।




# गृह क्लेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पीरुमदारा निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि पीरूमदारा में रहने वाले 31 वर्षीय ओम प्रकाश ने शुक्रवार दोपहर अपने घर में पंखे के कुंडे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामला पारिवारिक क्लेश का लग रहा है। उन्होंने बताया कि मृतक के शव का पंचायत नामा भरने के बाद पोस्टमार्टम कराने कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा जांच भी इस मामले में की जा रही है जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# जयंती पर शहीद भगत सिंह को किया नमन

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक के कार्यालय पर शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तथा उन्हें याद किया गया। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली ने कहा कि देश की आजादी सरदार भगत सिंह के बलिदान का एक हिस्सा है। भारत का नागरिक उनकी शहादत को कभी भूल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारी यदि भारत में नहीं होते तो शायद आज हम स्वतंत्रता के अनुभव से कोषों दूर होते । कांग्रेस नगर अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि सरदार भगत सिंह के जीवन से देश भक्ति त्याग और बलिदान की सीख मिलती है। इस अवसर पर राम बाबू सिंह,जीवन जोशी, दलीप सिंह बिष्ट, अशोक मित्र, तृप्त सिंह गंभीर, अक्षय बाबा, जीवन जोशी, एन यू खान, बलवंत ,हरभजन सिंह, ओम प्रकाश दुआ धर्मेंद्र , सिंधी, मेजर सिंह, सुनीता कश्यप, सुधा जोशी, सोनी, शमशुल हक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# नेत्रदान पर स्व.परमजीत कौर के परिजनों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। सीआर मित्तल नेत्र बैंक द्वारा महिला के निधन के उपरांत उनके द्वारा किए गए नेत्रदान संकल्प पूरा किए जाने पर प्रमाण पत्र देकर परिजनों को सम्मानित किया गया । कुछ दिन पूर्व परमजीत कौर पत्नी सरदार जगतार सिंह निवासी सरस्वती कालोनी गदरपुर का गत 20 सितंबर 2024 लम्बी बीमारी के कारण 67 वर्ष की उम्र में स्वर्ग वास होने पर उनके पुत्र रविन्द्र सिंह द्वारा समाजसेवी संदीप चावला एवं विनोद भुसरी से संपर्क किया गया ।सूचना पर महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सी आर मित्तल नेत्रदान केंद्र,रुद्रपुर की टीम के द्वारा केंद्र निदेशक डॉक्टर एल एम उप्रेती की देखरेख में मनीष रावत नेत्रदान टेक्नीशियन एवं सत्येंद्र मिश्रा द्वारा नेत्रों का कॉर्निया प्राप्त किया गया। जिससे दो लोगों के जीवन में रोशनी प्राप्त हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि पूरे उत्तराखंड में नेत्रदान के संकल्प को पूरा किए जाने पर गदरपुर क्षेत्र प्रथम नंबर पर है । स्वर्गीय परमजीत कौर द्वारा अपने जीवन काल में ही पिंगलवाड़ा श्री अमृतसर एवं अन्य कई धार्मिक संस्थाओं को स्वयं धनराशि दान करके पुण्य लाभ कमाया गया । गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित अंतिम अरदास समागम में स्व. परमजीत कौर के पुत्र रविंद्र सिंह को प्रमाण पत्र सौंपा गया इस अवसर पर नेत्र बैंक के एसके मित्तल,समाज सेवी विनोद भुसरी,निर्मल सिंह हंसपाल,नरेंद्र सिंह ग्रोवर,हरि सिंह, रविंद्र बजाज, हरजिंदर सिंह, बलविंदर सिंह,देवेंद्र सिंह,जगजीत सिंह,अंशदीप सिंह, मनमीत सिंह, तरनजीत सिंह हैप्पी, तजेंद्र सिंह, श्रीमती जगजीत कौर आदि परिजन उपस्थित रहे।



# मृत्यु के बाद 6 घंटे तक सुरक्षित रहता है कार्निया

गदरपुर। सी आर मित्तल नेत्र बैंक के एस के मित्तल ने बताया कि नेत्र दान का संकल्प करने वाले कुछ नियमों का पालन करें,जीते जी नेत्रदान का संकल्प एवं मरणोपरांत उनके परिजन नेत्रदान संकल्प पूरा करवाएं ताकि दृष्टिहीनों को रोशनी देने में हम अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान कर सकें। उन्होंने बताया कि मृत्यु के 6 घंटे तक नेत्रों का कार्निया सुरक्षित रहता है तब तक आंखें ढक कर रखी जाएं ताकि सफलतापूर्वक नेत्रदान का संकल्प पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि नेत्रदान के लिए बनाए गए ट्रस्ट में कई लोगों द्वारा ट्रस्टी बनकर सहयोग दिया जा रहा है ,जिनमें ओमप्रकाश सिंगला,बृजभूषण गोयल,पवन कुमार अग्रवाल,अर्जुन गुप्ता, मांगेराम,श्री कृष्ण मित्तल,राजेंद्र तुलस्यान,देवी शंकर अग्रवाल, प्रमोद कुमार मित्तल,अशोक कुमार बंसल,हरिशंकर अग्रवाल, जय भगवान जैन,प्रहलाद कुमार, सतीश मंगला, ताराचंद अग्रवाल, मोहन गोयल,आनंद कुमार अग्रवाल,बलराम अग्रवाल आदि शामिल हैं । कोई भी ट्रस्टी बनकर सहयोग प्रदान कर सकते हैं नेत्रदान महादान का संकल्प लेकर आप इस अभियान में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाएं।

# देवभूमि में लागू होगा सशक्त भू कानून :धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेस वार्ता में किया बड़ा ऐलानः अगले बजट सत्र में पेश होगा वृहद भू कानून का मसौदा, अवैध जमीनो को जब्त करेगी सरकार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के बहुप्रतीक्षित भू कानून, मूल निवास एवं यूसीसी विधेयक पर सरकार की कार्ययोजना की जानकारी दी है। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रदेश में नया भू कानून लागू करने का भी ऐलान किया है। प्रदेश में लगातार उठाई जा रही भू कानून की मांग के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एलान किया है कि उनकी सरकार वृहद भू-कानून लाने जा रही है। अगले साल बजट सत्र में कानून का प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 250 वर्ग मीटर आवासीय और 12.50 एकड़ अन्य भूमि के नियम तोड़ने वालों की भूमि जांच के बाद सरकार में निहित की जाएगी। सीएम धामी के ऐलान के बाद राज्यवासियों द्वारा मुख्यमंत्री के निर्णय की सराहना भी की जा रही है। शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अगले बजट सत्र में वृहद भू-कानून लाने हेतु प्रयासरत है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में नगर निकाय क्षेत्र से बाहर 250 वर्ग मीटर भूमि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के खरीद सकता है, परंतु ऐसा संज्ञान में आया है कि एक ही परिवार में अलग-अलग नामों से भूमि क्रय करके उक्त प्राविधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इसकी जांच कराएंगे और जिस किसी ने भी ऐसा किया है उनकी भूमि राज्य सरकार में निहित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जिन भी व्यक्तियों ने पर्यटन, उद्योग आदि व्यवसायिक गतिविधियों के लिए अनुमति लेकर भूमि क्रय की है, परंतु उस भूमि का उपयोग प्रयोजन हेतु नहीं किया, ऐसी जमीनों का विवरण तैयार किया जा रहा है। ऐसे लोगों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जायेगी और उनकी जमीनें राज्य सरकार में निहित की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी संज्ञान में आया है कि भूमि क्रय संबंधी



नियमों में वर्ष 2018 में जो बदलाव किए गए थे, उनका परिणाम सकारात्मक नहीं रहा है। (जैसे 12.5 एकड़ की अधिकतम सीमा को खत्म कर देना, जो अनुमति शासन स्तर पर मिलती थी उसके लिए जिले के अधिकारियों को अधिकृत कर देना आदि)। उन्होंने कहा कि ऐसे प्राविधानों की समीक्षा की जायेगी और आवश्यक हुआ तो इन प्राविधानों को समाप्त कर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप को बचाने के उद्देश्य से उठाए जा रहे इन कदमों से किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्थाओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, जिनके निवेश से उत्तराखंड में पर्यटन, शिक्षा, उद्योग, व्यापार आदि विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन होता है तथा अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भू-कानून एवं मूल निवास के मुद्दे को लेकर संवदेनशील है और हम अगले बजट सत्र में राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप एक वृहद भू-कानून लाने हेतु प्रयासरत हैं। जिस प्रकार मार्च 2021 से अब तक लंबे समय से चले आ रहे विभिन्न मामलों का निस्तारण हमारी सरकार ने किया है, उसी प्रकार मैं, उत्तराखण्ड की जनता को यह विश्वास दिलाता हूं कि भू कानून के मुद्दे का समाधान भी हमारी सरकार ही करेगी।

### रोजगार सृजन के लिए निवेशकों को मिलेगी छूट

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बचाने के उद्देश्य से उठाए जा रहे इन कदमों से किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्थाओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, जिनके निवेश से उत्तराखंड में पर्यटन, शिक्षा, उद्योग, व्यापार आदि विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन होता है और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। निवेशकों के लिए सरकार भूमि उपलब्ध कराएगी। सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस से पहले समान नागरिक संहिता को लागू कर दिया जाए। यूसीसी को लेकर गठित समिति एक-एक प्रावधान पर गहन अध्ययन कर रही है। अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में समिति की समीक्षा बैठक प्रस्तावित है। जिसके बाद ही तय होगा की यूसीसी कब लागू करना है।

# त्रिवेंद्र सरकार ने लैड यूज बदलने के लिए हटाया था जमीनों की 143 का प्रावधान

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्ववर्ती त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार ने औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए 2017 में उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम व्यवस्था 1950) में बदलाव किया था, अब धामी सरकार उसकी समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद इसके प्रावधान हटाए जाएंगे। त्रिवेंद्र सरकार ने 2017-18 में यह तर्क दिया था कि तराई क्षेत्रों में औद्योगिक प्रतिष्ठान, पर्यटन गतिविधियों, चिकित्सा तथा चिकित्सा शिक्षा के विकास के लिए निर्धारित सीमा से अधिक भूमि की मांग की जा रही है। कई प्रस्ताव इसी कारण लंबित हैं। इसके लिए उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम व्यवस्था 1950) में परिवर्तन किया गया था। उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 (अनुकलन एवं उपरांतरण आदेश 2001) (संशोधन) अध्यादेश 2018 को मंजूरी दी थी। अधिनियम की धारा 154 (4) (3) (क) में बदलाव किया गया, जिससे कृषि और औद्यानिकी की भूमि को उद्योग स्थापित करने के लिए खरीदा जा सकता है। त्रिवेंद्र सरकार ने उद्योगों के लिए पहाड़ी क्षेत्रों में भूमि के लिए 12.5



एकड़ की सीलिंग हटा दी थी। किसान अपनी भूमि का उपयोग उद्योग लगाने के प्रयोजन से बिना राजस्व की अनुमति लिए कर सकता है। लैंड यूज बदलने के लिए अधिनियम की धारा 143 के तहत पटवारी से लेकर एसडीएम तक चक्कर काटने की औपचारिकताएं अध्यादेश प्रभावी होते ही खत्म हो गईं थीं। राजस्व विभाग की अधिकारों में कटौती कर पर्वतीय क्षेत्रों के धारा 143 को 143 (क) में परिवर्तित किया गया था। नौ पर्वतीय जिलों में उद्योगों के लिए 12.5 एकड़ से अधिक खरीद की व्यवस्था पहले से थी लेकिन त्रिवेंद्र सरकार में उसमें मामूली संशोधन करते हुए कृषि एवं फल प्रसंस्करण, औद्योगिक हैंप एवं प्रसंस्करण, चाय बगान प्रसंस्करण तथा वैकल्पिक ऊर्जा परियोजना के लिए किसी व्यक्ति, संस्था, समिति, न्यास, फर्म, कंपनी तथा स्वयं सहायता समूह को भूमि लीज या पट्टे पर दिए जाने के लिए संशोधन किया गया था। जब से त्रिवेंद्र सरकार ने ये नियम बदले थे, तब से ही इस पर विवाद होता आया है। धामी सरकार ने इसका संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि इस बदलाव के सकारात्मक परिणाम नहीं आए हैं। लिहाजा, इसकी समीक्षा की जाएगी और इसके प्रावधान समाप्त होंगे।




# भारतीय मानक ब्यूरो ने रुद्रपुर में मनाया मानक महोत्सव

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हों उद्योगों के उत्पाद : रामपाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।विश्व मानक दिवस श्रृंखला के तहत शुक्रवार को रुद्रपुर में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें उद्योगों के प्रतिनिधियों, ज्वैलर्स, स्कूली छात्रों व जनसामान्य ने प्रतिभाग किया। रुद्रपुर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत आज अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतर रहा है। तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए उद्योंगों को अपने उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम हुआ है, जिससे उद्योगों को काफी लाभ होगा।बीआईएस देहरादून शाखा के निदेशक व प्रमुख सौरभ तिवारी ने विश्व मानक दिवस की इस बार की थीम एसडीजी-9 "उद्योग, नवाचार व अवसंरचना"के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्व मानक दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बीआईएस अपने हितधारकों



से संपर्क कर रहा है और उनके सुझाव भी ले रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बीआईएस उद्योग, एसोसिएशन व जिला उद्योग केन्द्र के संपर्क में रहेगा, ताकि उन्हें मानकों के विषय में जानकारी मिलती रहे। कुमाउं गढ़वाल चौंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अशोक बंसल ने कहा कि बिना मानकों के सामान्य दिनचर्या चलाना मुश्किल है। मानकीकरण हर जगह जरूरी है। सिडकुल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा ने कहा कि बिना मानकों के कोई भी उद्योग काम नहीं करता। मानक बनाने से पहले गंभीर अध्ययन आवश्यक है। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विपिन कुमार ने कहा कि केन्द्र की टीम भारतीय मानक ब्यूरो की इस मुहिम को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला के आयोजन से काफी फायदा होता है। कार्यक्रम में डीपीएस रुद्रपुर, एजीजीआईसी पंतनगर व ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मानक संवर्द्धन में बेहतर कार्य करने वाले मेंटर, उद्योग, ज्वैलर्स, रिसोर्स पर्सन आदि को सम्मानित किया गया। इस दौरान टाटा मोटर्स के विशाल अग्रवाल, वोल्टाज लिमिटेड के धर्मन्द्र , ग्रीन पैनल के पुरुषोत्तम, बीआईएस के वैज्ञानिक सचिन चौधरी ने तकनीकी सत्र में जानकारियां साझा की।





# देश और प्रदेश में चल रहा खेलों का स्वर्णिम युग: रावत

## पुरस्कार वितरण के साथ राज्य ओलपिंक खेलों का समापन, मण्डलायुक्त दीपक रावत ने बांटे पुरस्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहे पांचवे राज्य ओलंपिक खेल 2024 का विधिवत समापन मुख्य अतिथि आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत द्वारा किया गया। खेल सरकारी सेवा में भी लाभ दे रही है। उन्होंने कहा खिलाडियों को सभी सुविधाएं प्राप्त होने के साथ ही अपने आत्म विश्वास को हमेशा ऊंचा रखना चाहिए व लगन के साथ लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। किया जा रहा है। उन्होंने सभी खिलाडियों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने को कहा। उन्होंने राज्य खेलों के आयोजन के लिए राज्य ओलंपिक संघ को पूर्ण सहायता का स्वागत करते हुए मंडलायुक्त, जिला प्रशासन, खेल कोच व रेफरीस का खेलों के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पांचवे राज्य ओलंपिक खेलों में कुल 33 खेल सम्मान में बालक वर्ग में 5 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले हरिद्वार के पार्थ को इलैक्ट्रिक मोटरबाइक व बालिका वर्ग में 4 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली टिहरी गढवाल की सोनिया को शर्मा, सुरेश चंद पांडे, मुखर्जी निर्वाण, घनश्याम रामपुरिया, गोपाल सिंह, दीवान खत्री, पुष्कर जैन, मिथिलेश, कमलेश तिवारी, लियाकत अली, अख्तर अली, देवेश पांडे, रजत राय, शेखर त्रिपाठी, प्रेम






समापन की बेला पर खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त दीपक रावत ने कहा कि देश व प्रदेश में खेल का स्वर्ण युग चल रहा है। सरकार खिलाडियों के लिए सभी सुविधा मुहैया कराने के साथ ही खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहित करने हेतु ढांचागत विकास के साथ ही मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाडी जैसी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा जहां ब्लॉक, जिला स्तर पर खेल आयोजित कर रही है वहीं राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन भी करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने सभी आयोजकों को राज्य खेल शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के लिए बधाई दी व सभी खिलाडियों को 38 वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मनीष नेगी व कोषाध्यक्ष महेश जोशी ने सभी अतिथियों आयोजित किए गए जिसमें से 22 खेल जनपद ऊधम सिंह नगर में आयोजित हुए। उन्होंने बताया कि राज्य खेलों में लगभग 6000 खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विजेता खिलाडियों व टीमों को मेडल प्रदान किये गये साथ ही विशेष इलैक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की गयी। समापन कार्यक्रम में दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, महासचिव राज्य ओलंपिक संघ डीके सिंह, जिलाध्यक्ष ओलंपिक संघ नागेन्द्र थापा, लक्ष्मण पाटनी, चेतन गुरूंग, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस.रावत सहित अनेक खेल प्रेमी व खिलाडी आदि उपस्थित थे।

## आरएएन स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल में अर्ध वार्षिक परीक्षाओं के बाद, कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों ने रामनगर की दो दिवसीय तैराकी, नृत्य और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। अगली सुबह योगाभ्यास के बाद, छात्रों ने जंगलों की प्राकृतिक सुंदरता को निहारते से 15 से अधिक गतिविधियों का आनंद लिया, जिनमें खाना बनाना, अग्निशमन अभ्यास, बैंकिंग, खाद्य प्रसंस्करण, समाचार पत्र निर्माण आदि शामिल थे। प्रबंधक मोहित राय, प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट द्वारा किया गया। दोनों समूहों ने अपनी-अपनी यात्राओं का भरपूर आनंद लिया और




शैक्षिक यात्रा का आनंद लिया और कक्षा 6 के छात्रों ने किडजानिया, नोएडा का दौरा किया। रामनगर यात्रा में लगभग 130 छात्र शामिल थे और किडजानिया की यात्रा में 136 छात्र भागीदार रहे। रामनगर में रिसोर्ट पहुंच कर उन्होंने हुए ट्रैकिंग का आनंद लिया। इसके बाद उन्होंने गर्जिया मंदिर के दर्शन किये और ऐतिहासिक संग्रहालय का दौरा कर इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं, किडजानिया में कक्षा 6 के छात्रों ने 100 से अधिक गतिविधियों में इन सभी गतिविधियों के दौरान छात्रों ने नाट्य रूपांतर भी किया और नए अनुभव प्राप्त किए। सभी छात्र आर ए एन पब्लिक स्कूल, डिबडिबा शाखा पहुंचे, जहां उनका स्वागत विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच के राय, महत्वपूर्ण शैक्षिक और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त करते हुए अनुशासन में रहना संगठित होकर रहना जैसे अनेक नैतिक गुण सीखें। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इन शैक्षिक भ्रमणों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## रूद्रपुर में विशाल श्री बालाजी दरबार एवं श्याम संकीर्तन कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाबा भक्त मण्डल रूद्रपुर की ओर से कल 29 सितम्बर को आयोजित होने जा रहे तृतीय श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन की तैयारियां पूरी गयी है। जानकारी देते हुए बाबा भक्त मण्डल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल ने बताया कि आदर्श कालोनी में सुविधा होटल के पास भव्य श्री




बालाजी दरबार एवं संकीर्तन 29 सितम्बर को शाम सात बजे शुरू होगा। इस दौरान विशाल भण्डारा भी आयोजित किया जायेगा। दरबार में श्री बालाजी महाराज और श्याम बाबा का आलोकिक श्रृंगार के साथ ही भव्य दरबार, छप्पन भोग और फूलों की होली भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। दरबार में फतेहाबाद की मशहूर भजन गायिका मोना मेहता और आगरा के मशहूर भजन गायक राजू बावरा सुंदर भजनों की प्रस्तुति देंगे। दरबार की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। विक्की मुंजाल ने सभी बाबा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में संकीर्तन में पहुंचने एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## शिविर में पर्यावरण मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हल्द्वानी। नगर निगम सभागार में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर डाबर इंडिया लिमिटेड की स्वयं सेवी संस्था जीवंती वेलफेयर एंड चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से लगाया गया। प्रथम दिन लगभग 450 सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्रत्येक कार्मिक को डाबर की तरफ से एक डाबर का एक लीटर का जूस तथा दवाईयां उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु डाबर द्वारा 3 आयुर्वेदिक डॉक्टर उपलब्ध कराए गए थे। इसके अतिरिक्त सीएमओ द्वारा भी एलोपैथिक शिविर भी लगाया



गया। 3 एलोपैथिक डॉक्टर भी उपलब्ध थे। इनके द्वारा भी स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही दवाइया भी लोगो को उपलब्ध कराई गई। शिविर में सफाई कर्मियों हेतु आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की व्यस्था की गई। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड बनाए जाने हेतु आपूर्ति विभाग की टीम उपलब्ध थी। शिविर का उद्घाटन नगर मजिस्ट्रेट एबी वाजपेई, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, डाबर से एच आर हेड अनुरोध शर्मा, आलोक दुबे सिटी हेड तथा अतेंद्र तिवारी एक्जीक्यूटिव सीएसआर एवं उनकी टीम उपस्थित थी।

## किसान के बेटे ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपने माता-पिता समेत पूरे गांव का नाम रोशन करते हुए छतरपुर निवासी विशाल मौर्य ने अपनी पीएचडी की शिक्षा पूरी कर ली है। विशाल की इस कामयाबी से उनके माता-पिता बेहद खुश हैं। विशाल के पिता किसान हैं, जबकि मां एक गृहिणी हैं। जब से आस-पड़ोस और दोस्तों रिश्तेदारों को इस का पता चला है घर में बधाई देने वालों का तांता लग गया है। बता दें कि अब विशाल मौर्य अपने नाम के आगे श्डॉ.श लगा सकेंगे। विशाल मौर्य ने अपनी पीएचडी यूपी के गजरौला स्थित श्री वेंकटेश्वर



विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में पूरी की है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुराग यादव के निर्देशन में विशाल ने यह कामयाबी हासिल की है। इनके अलावा विश्व विद्यालय के डायरेक्टर/ डीन रिसर्च प्रोफेसर डॉ. राजेश सिंह और प्रोफेसर डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा (डीन स्कूल ऑफ एजुकेशन) ने भी समय-समय पर विशाल का मार्गदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कृष्णकांत दवे ने भी विशाल की पीएचडी पूरी होने पर उन्हें बधाई दी है। इस कामयाबी का पूरा श्रेय विशाल मौर्य ने माता-पिता, गुरुजन और ग्राम वासियों को दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी काम को करने के लिए ईमानदारी, लगन, कड़ी मेहनत, धैर्य और अनुशासन की जरूरत होती है। विशाल कहते हैं कि विषम परिस्थितियों में भी अडिग रहना चाहिए। सफलता कदम जरूर चूमेगी।

## सीबीएसई फुटबॉल क्लस्टर में अमेनिटी की टीम ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊमा पब्लिक स्कूल में चल रहे सीबीएसई क्लस्टर फुटबॉल मीट 2024 में अमेनिटी पब्लिक स्कूल रूद्रपुर ने उमदा प्रदर्शन करते हुए अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 तीनों आयु वर्ग में क्लस्टर नॉर्थ जोन में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अंडर 14 का मैच एस्टर पब्लिक स्कूल नोएड़ा डेल्टा 2 के खिलाफ खेला गया जिसका परिणाम अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने 5-0 से अपने पक्ष में किया। गोल करने वाले खिलाड़ी विशाल भंडारी, आभास गनेशन ने एक एक गोल तथा रूदांश ने तीन गोल की हैट्रिक करते हुए अपनी टीम को फाइनल मैच में जीत हासिल कराई। इसी तरह अंडर-17 की टीम का मैच केएल इंटरनेशनल मेरठ के साथ हुआ जिसका परिणाम भी एकतरफा जीत के साथ






अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने 5-0 से अपने नाम किया। गोल करने वाले खिलाड़ी दिव्यांशु बृजवाल, मयंक सिंह, विकास, सैमुअल और सक्ति सिंह रहे। इसी कम में अंडर-19 का मैच विजयभाव विद्यापीठ बड़ौत उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला गया। मैच बड़ा ही रोमांचक रहा पहले हॉफ में दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर पाई। फिर दूसरा हॉफ शुरू होते ही वासा की साइड वॉली से अमेनिटी ने मैच में बढ़त ले ली। मैच अंतिम पल तक बहुत ही रोमांचक रहा। जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने का प्रयास करती रहीं और अंत में स्कोर 1-0 से अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने अंडर-19 में भी फाइनल अपने नाम कर लिया। सीबीएसई क्लस्टर ग्प में लगभग 200 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अमेनिटी ने अपना रिकार्ड बनाते हुए तीनों आयु वर्ग में फाइनल में जीत दर्ज की। गत वर्ष अमेनिटी अंडर-19 में नेशनल चौम्पियन भी रह चुका है। अमेनिटी विगत वर्ष भी कई राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीत कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया जिसमें सूब्रुतो कप, आरसनल कप है जोकि लंदन में खेला गया जिसमें अमेनिटी ने फाइनल में जीत दर्ज की थी। अमेनिटी के प्रबंधक सुभाष अरोरा ने जीत का श्रेय उनके कोच अमित वर्मा, विवेक कुमार एवं राजेन्द्रो को दिया। जिनकी कड़ी मेहनत एवं लगन का परिणाम है। प्रबंधक ने एक अन्य जानकारी को साझा करते हुए बताया कि अभी हाल में खेले गए उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग किकेट टूर्नामेंट में यूएस इण्डियन ने जीत का परचम लहराया। लीग के प्रथम संस्करण के फाइनल को जीत कर इतिहास में नाम दर्ज किया। ज्ञात हो कि यू०एस० इण्डियन टीम श्री सुभाष अरोरा द्वारा ली गई है, टीम के आकामक बल्लेबाज युवराज चौधरी को मुम्बई इण्डियन्स ने बुलाया है जोकि पूरे ऊधमसिंहनगर के लिए गौरव की बात है। अमेनिटी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती इन्द्रा त्रिपाठी ने बच्चों की जीत पर सामूहिक रूप से तीनों टीमों को बधाई दी

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पुलिस की मुठभेड़

महाराष्ट्र के बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी के मुठभेड़ में मारे जाने को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। बंबई हाई कोर्ट ने इस मुठभेड़ को लेकर महाराष्ट्र पुलिस के कार्यव्यवहार पर कई तीखे सवाल उठाए हैं। अदालत ने इस मुठभेड़ पर शंका जाहिर करते हुए जांच कराने का आदेश दे दिया है। महाराष्ट्र पुलिस पर उठ रहे सवाल उन सभी राज्यों की पुलिस पर भी सवाल हैं, जो मुठभेड़ दिखा कर आरोपियों को मार गिराती और उसे अपनी उपलब्धि बताती हैं। बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ कोई अस्वाभाविक बात नहीं है। मगर इसे लेकर कुछ नियम–कायदे हैं। पुलिस के सामने जब भी ऐसी स्थिति आ जाए और आत्मरक्षा में गोली चलानी ही पड़ जाए, तो कमर के नीचे निशाना साधने का प्रशिक्षण दिया जाता है। मगर पिछले कुछ वर्षों में हुई मुठभेड़ों के दौरान इस नियम–कायदे का पालन कहीं नजर नहीं आता। इससे यही शक होता है कि पुलिस या तो अपनी कुछ कमियों को छिपाना चाहती है या उसे अदालतों पर विश्वास नहीं है, वह खुद फैसला करके दंड देने में यकीन करने लगी है। किसी आरोपी के मारे जाने से उस मामले से जुड़े कई तथ्य खत्म हो जाते हैं। इस तरह मामले की सच्चाई तक पहुंचने के रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं। फिर, किसी भी आरोपी को तब तक दोषी नहीं माना जा सकता, जब तक कि उसका दोष सिद्ध न हो जाए। ऐसे बहुत सारे उदाहरण हैं, कि किसी मामले में किसी गलत व्यक्ति को आरोपी बना दिया गया। मगर शायद राज्यों की पुलिस इस बात पर ज्यादा भरोसा करने लगी हैं कि आपराधिक मामलों का निर्णय वे खुद करें और वही दंड दें। कुछ नेता भी इसे उचित बता रहे हैं। इसीलिए पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में हुई मुठभेड़ों को लेकर सियासत गर्म है। उसमें एक आरोपी के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद जातिवादी समीकरण भी साधने का प्रयास किया गया। यह बिल्कुल ठीक नहीं है। मगर मुठभेड़ बता कर किसी आरोपी को मार डालना पुलिस और सरकारों के रवैए पर गहरे सवाल खड़े करता है। यह प्रवृत्ति किसी भी सभ्य समाज और कल्याणकारी सरकार की निशानी नहीं कही जा सकती। हांलाकि समाज को कलंकित करने वाले दुर्दान्त और पेशेवर अपराधियों का एनकाउंटर करने पर सरकार और कानून व्यवस्था की सराहना भी की जाती रही है,परन्तु पुलिस तंत्र को इसका दुरूपयोग रोकने के साथ ही अपनी छवि को चमकाने की बजाये जवाबदेह भी बनाने की जरूरत है।

# प्राथमिक विद्यालय धुसरा में मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धुसरा के खेल के मैदान में न्याय पंचायत स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन अंडर– 14 एवं अंडर– 11 में बालक बालिका वर्ग के समस्त व्यक्तिगत स्पर्धाए तथा लंबी कूद ,ऊंची कूद, गोला फेंक ,चक्का फेंक प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। आज दूसरे दिन बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में कबड्डी खो खो ,समस्त दौड़ संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में राधे सिंह राणा एवं दयाशंकर शर्मा भूतपूर्व प्रधानाध्यापक तथा मेजबान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सिंह राणा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल द्वारा किया गया। संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा समस्त प्रतिभागी बच्चों को शालीनता एवं खेल भावना के साथ खेलने तथा निर्णायक शिक्षकों को पारदर्शिता के साथ निर्णय देने हेतु निर्देशित किया। मुरारी लाल एवं दिनेश चौहान अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सितारगंज द्वारा अपने संबोधन में प्रतिभागी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए हमने शुभकामनाएं दी। शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल जी द्वारा अपने संचालन में प्रतिभागी बच्चों को खेल के नियमों एवं बच्चों को अनुशासित एवं खेल भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया। लेखा प्रमुख निमाई चंद्र माझी के नेतृत्व में संपूर्ण लेखा टीम का कार्य अति सुंदर रहा। प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए शिक्षक सूरज सक्सेना, नवीन पांडे, रेनू, उपाध्याय ,रुचि सक्सैना ,रेनू, सुमनवती, नरेश सिंह,खजान सिंह, सुरजीत सिंह ,जसपाल सिंह, परमजीत सिंह, फकीर सिंह, जितेंद्र सिंह राणा, आयुष मेहता, पवन कुमार ,योगेश पाठक, मोहित राणा ,सत्य प्रकाश सिंह,राम सिंह यादव, रामकिशोरशिक्षक उपस्थित रहे।



# कानून व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें चमोली एसपी : हाईकोर्ट

नैनीताल । हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने चमोली के पुलिस अधीक्षक को कानून व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा। जिससे विशेष समुदाय को निशाना बनाकर कोई अप्रिय घटना न हो। कोर्ट में अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी। खंडपीठ ने यह आदेश मुस्लिम सेवा संगठन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में कुछ स्थानीय लोगों की ओर से चमोली जिले के नंदानगर में मुस्लिम समुदाय के स्वामित्व वाली दुकानों को निशाना बनाने और तोड़फोड़ करने का जिक्र किया गया है। यह घटना उत्तरप्रदेश के बिजनौर निवासी मोहम्मद आरिफ के स्थानीय नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के बाद हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 31 अगस्त को नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जुलूस निकाला था। बाजार बंद का आह्वान किया था। इससे कस्बे का सांप्रदायिक माहौल तनावपूर्ण हो गया था।

# पड़ोसी पर चाकू से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आपसी विवाद में एक युवक ने पड़ोसी पिता पुत्र पर हमला कर दिया। हमले में चाकू लगने से पिाता गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि पुत्र को मामूली चोटें आयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने माला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। रम्पुरा में किराये के मकान में रह रही मूल च्रूप से चंदौसी निवासी कमलेश पत्नी दीपक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिनों शाम करीब आठ बजे पड़ौस में किराये के मकान में रहने वाला अमित उसके पुत्र यश को गालियां दे रहा था जब उसे टोका तो अमित उसके पुत्र यश को पीटने लगा। बेटे की चीख पुकार सुनकर पति दीपक उसे बचाने के लिये दौड़े तो अमित ने दीपक के सिर पर सरिये से वार कर दिया जिससे वह लहुलूहान होकर गिर पड़े। हमले में दीपक के दोनों हाथों की अंगूलियां कट गई तथा बांये हाथ की सबसे छोटी उंगली कटकर अलग हो गई। शोर सुनकर भीड़ एकत्र हुई तो अमित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घायल दीपक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमित के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

# महिला उत्पीड़न के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी महिला कांग्रेस: मधु

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिला उत्पीड़न और अत्याचार के खिलाफ आगामी 30 सितंबर को महिला कांग्रेस हल्द्वानी की सड़को पर उतरेगी। एक बयान में महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मधु सांगूड़ी ने कहा कि उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार एक तरफ महिला सशक्तीकरण की बात करती है, महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने की बात करती है वही पोषाहार राशन योजना के तहत वितरित की जाने वाले राशन को अब भारत सरकार के स्वामित्व वाले संस्थान एनसीसीएफ के माध्यम से वितरित किये जाने की योजना बनाई जा रही है। जो कि महिला स्वयं सहायता समूहों के अस्तित्व पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में संचालित लगभग 10 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा वर्ष 2013 से राज्य के महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के अधीन आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं 6 माह से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण कराने का कार्य किया जा रहा है। मधु ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री जो स्वयं एक महिला है के द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों से टीएचआर का कार्य छीनकर ई–टेंडरिंग के माध्यम से बडे ठेकेदारों को सौंपे जाने के लिए निविदायें जारी कर दी गई थी। जिसके विरूद्ध राज्य के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा आन्दोलन करने के साथ ही उच्च न्यायालय की शरण ली गई। 25 नवम्बर 2021 को उच्च न्यायालय द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के पक्ष में निर्णय देते हुए यथा स्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये गये।मधु सांगूड़ी ने कहा कि वर्ष 2021 में करीब 40 हजार से ज्यादा महिलाओं के स्वरोजगार पर इस टेंडर प्रणाली के चलते खतरा मंडरा रहा था परन्तु हाईकोर्ट के आदेश से स्वयं सहायता समूह को थोड़ी राहत मिली थी। नवम्बर 2022 में राज्य सरकार द्वारा टेकहोम योजना को यह कहते हुए बंद कर दिया गया कि भारत सरकार के आदेशों का पालन किया गया है। जो कि उत्तराखंड की महिलाओं और बच्चो के साथ अन्याय है।उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार की महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने की बात महज एक दिखावा है। यदि सरकार ने अन्य राज्यों की भांति महिला स्वयं सहायता समूहों का सहयोग नहीं लिया गया तो महिला कांग्रेस राज्य सरकार की इस महिला विरोधी नीतियों के विरोध में पूरे राज्य में आन्दोलन करेगी। उन्होंने कहा कि आगामी 30 सितंबर को हल्द्वानी में आयोजित जन आक्रोश रैली के माध्यम से महिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में मजबूती से महिलाओं संग सड़क पर उतर कर महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार और उत्पीड़न के बढ़ते मामलों पर कड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान भागीरथी बिष्ट, शोभा बिष्ट, शशि वर्मा, रत्ना श्रीवास्तव, पुष्पा नेगी, जया पाठक, मीमांशा आर्य, नीलू नेगी, लता पांडे, माया वर्मा, मुन्नी पंत आदि मौजूद थीं।



# लापता बालिका सकुशल बरामद

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने चंद घंटे में गुम हुई बालिका को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। मोहम्मद अलीम पुत्र सलीम निवासी नदेली थाना बहेडी जिला बरेली ने सूचना दी की वह अपने परिवार के साथ अपने ससुराल सिरौलीकला मे आया था । उसकी पुत्री शायबा उम्र ढाई वर्ष दिन मे डेढ़ बजे से नही मिल रही है । प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष पुलभट्टा द्वारा नाबालिग बच्ची की तलाश हेतु 3 टीमो का गठन किया गया जिसमें प्रथम टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन व दूसरी टीम द्वारा परिजनो एव आस पास के लोगो से पूछताछ एंव तलाश व तीसरी टीम द्वारा क्षेत्र में रह रहे संदिग्धों से जानकारी प्राप्त हेतु निर्देशित किया गया । जिस पर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन किया गया तो सिरौलीकला के पास एक सीसीटीवी में 100 मीटर की दूरी पर बच्ची जाती हुयी दिखाई दी । कैमरो की फुटेज के अनुसार क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा पूछताछ / तलाश करते हुए उक्त बच्ची को गुमशुदगी स्थल से करीब 2 किमी0 आगे सकुशल बरामद कर लिया और बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया । पुलिस की इस कार्यवाही से बच्ची के परिवारजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया।



# लोगों की निगाहें एक बार फिर कांग्रेस की तरफ: मीना

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस को मजबूत करना उनका मुख्य लक्ष्य है और वह अपने इस मिशन को पूरा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देंगी। श्रीमती शर्मा अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका लांबा और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के निर्देशानुसार महिला सदस्यता अभियान के अंतर्गत अपने ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर महिलाओं को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व रुद्रपुर ग्रामीण क्षेत्र फाजलपुर महरौला, प्रीत विहार,बरार नगर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर श्रीमती शर्मा ने बड़ी संख्या में महिलाओं को महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। इससे पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचने पर श्रीमती शर्मा का महिलाओं ने फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। बाद में श्रीमती शर्मा ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए डिजिटल सदस्यता अभियान के अंतर्गत एक दर्जन से भी अधिक महिलाओं को महिला कांग्रेस की सदस्यता दिलाई, उन्होंने महिलाओं का आवाहन किया कि वह कांग्रेस को मजबूत करने के लिए महिला कांग्रेस से जुड़े, श्रीमती शर्मा ने कहा कि देश के लोगों की निगाहे एक बार फिर से कांग्रेस की तरफ है, और 2029 में कांग्रेस ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश में अपनी सरकार बनाएगी । जिसमें महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी होगी, श्रीमती शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में महिलाएं,महिला कांग्रेस से जुड़ रही हैं, उन्होंने सभी उन महिलाओं का धन्यवाद दिया जिन्होंने महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और ग्राम सैजना के तीन बार प्रधान रहे विजय यादव, अनिल शर्मा, निगम पार्षद अशफाक अहमद, नगर पालिका परिषद के नामित पार्षद उमर अली सलमानी, सुभाष दिवाकर, गुड्डू वाशिद, प्रेमपाल गंगवार, प्रमोद कुमार शर्मा,राजेश कुमार, सुनीता यादव,रेनू चौधरी,आशा शर्मा,ऊषा शर्मा,श्रीमती राजवती देवी,किरण सनवाल, मुन्नी, प्रतिभा सिंह,कविता सलवाल, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।



# कार्बेट पार्क प्रशासन ने वन तस्करों को पकड़ने के लिए निकाला फ्लैग मार्च

रामनगर। कार्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन ने मानसून सत्र को देखते हुए शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला। आमडंडा वन परिसर में रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला ने बताया कि वन तस्करों और शिकारियों को पकड़ने के लिए मार्च किया गया। इसके बाद टीम आमडंडा, रिंगौड़ा, ढिकुली, गर्जिया, सुंदरखाल, मोहान परिसर स्थित मंदाल रेंज कार्यालय में पहुंची। वहां अरुण कुमार सैनी, रेंजर उमेश आर्या, रेंजर अजय सिंह रावत, रेंजर संजय कुमार पांडे, भूपेंद्र सिंह, वन दरोगा वीरेंद्र पांडे, सरत सिंह बिष्ट, प्रमोद सत्यवली रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
अनलोडर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# चोरों ने दो और बाइकों पर किया हाथ साफ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में बाइक चोरी की घटनाएं थम नही रही है। वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से दो और बाइकों पर हाथ साफ कर लिया। ग्राम हमीदाबाद बिलासपुर रामपुर निवासी रामेश्वर पुत्र धर्मी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी स्पलैंडर बाइक संख्या यूके 06एम 3327 को गल्ला मंडी भोलेनाथ पेंट के पास दुकान के आगे खड़ी की थी। तभी दो लोग आये और बाइक चोरी करके ले गये। चोरी की घटना सीसी कैमरे में भी कैद हुयी है। वहीं वार्ड नं. आठ गांधी नगर दिनेशपुर निवासी नरेन्द्र चटर्जी पुत्र प्रभाष चटर्जी ने बताया कि उसने अपनी बाइक संख्या यूके 06एबी 2482 बीते दिनों नितिक बठला हॉस्पिटल के सामने डॉक्टर कॉलोनी , सिबिल लाइन रुद्रपुर में खड़ी थी। जहां से अज्ञात चोर मोटरसाइकिल का लॉक तोड़ कर चोरी कर ले गये। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# धरने पर बैठे हिंदू संगठनों के लोग, चार घंटे जाम रहा घंटाघर चौक

## विकास वर्मा की गिरफ्तारी पर भारी हंगामा, रेलवे स्टेशन के बाहर हुए बवाल के बाद हिंदूवादी संगठनों के नेता और व्यापारी आक्रोशित, कानून व्यवस्था हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : एसएसपी

देहरादून( उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन के बाहर हुए बवाल के बाद पुलिस ने शुक्रवार सुबह हिंदूवादी नेता विकास वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। सरेबाजार हुई वर्मा की गिरफ्तारी से व्यापारी इस कद्र खफा हो गए कि उन्होंने घंटाघर के आसपास सभी बाजार बंद करा दिए और कोतवाली के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ देर बाद हिंदूवादी संगठनों के नेता और व्यापारी घंटाघर के पास धरने पर बैठ गए। चारों ओर के रास्ते बंद कर वहां करीब चार घंटे तक जाम लगाया। घंटाघर पर हुए बवाल से पहले पुलिस का तंत्र व्यापारियों के गुस्से को भांपने में विफल हो गया। इसका अंदाजा ही नहीं था कि व्यापारी इतने उग्र होकर घंटाघर पर भी बैठ जाएंगे। बाजार से लेकर घंटाघर तक फोर्स तैनात थी। लेकिन, असल में धरने और प्रदर्शन की क्या योजना है इसका भी आकलन नहीं हो पाया। यही कारण था कि कुछ ही क्षणों में घंटाघर पर हजारों की संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस के ही साजो सामान को उन्होंने सड़क जाम करने में इस्तेमाल शुरू कर दिया। प्रदर्शन करने के लिए व्यापारी भी कोतवाली शहर के बाहर पहुंच गये। यहां कुछ दर्जन लोग नारे लगा रहे थे। कोतवाली के गेट पर अच्छी खासी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात थी। लेकिन, प्रदर्शनकारियों की असल योजना तो कुछ और थी। पुलिस को भनक लगी तो फोर्स घंटाघर पर भी पहुंच गई। मगर अंदाजा यह नहीं था कि यहां इतनी संख्या में लोग यहां जमा हो जाएंगे।बाजार के बाहर बैरिकेडिंग लगे थे लेकिन इन्हें पार करते हुए घंटाघर के पास जमा होना शुरू हो गए। कुछ ही देर में लोगों ने पुलिस के ही बैरिकेडिंग उठाए और उन्हें सड़कों के मुहाने पर लगाकर ट्रैफिक जाम कर दिया। पुलिस ने अनाउंसमेंट भी किया लेकिन लोग नहीं माने। इस तरह एक ही घंटे में स्थिति इतनी दूभर हो गई कि वहां तैनात पुलिस के हाथ से कभी भी बात निकल सकती थी। यही कारण था कि इस मामले को बेहद शांतिपूर्वक ढंग से हल किया गया। घंटाघर पर जाम होने के कारण वहां पर सभी रास्ते एक तरह से ब्लॉक हो गए थे। प्रदर्शन इतना बड़ा होगा तो पहले से वहां कोई तैयारी नहीं थी। ऐसे में हुआ ये कि रास्ते जाम होने से पुलिस की बैक-अप फोर्स भी देरी से पहुंची। जब वहां वाटर कैनन पहुंची तो लोगों ने इसका भी विरोध शुरू कर दिया। एसएसपी अभय सिंह ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस को चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं। कानून व्यवस्था हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जिन्होंने उपद्रव किया है उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में कोतवाली नगर देहरादून में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज और वीडियो खंगाल रही है। रेलवे स्टेशन पर हुए भारी पथराव में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कई लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पथराव में स्कूटी, बाइक सहित कई वाहन टूट गए। पुलिस की सफेद रंग की कार में भी कई पत्थर लगे और वह भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उपद्रवियों ने बवाल के दौरान स्टेशन पर खड़ी बाइकों को जलाने का भी प्रयास किया। स्टैंड में खड़े कुछ वाहन नीचे जमीन पर गिरा दिए। बवाल से पहले किशोरी रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो युवक को मिलने बुलाया। इसी दौरान दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। तभी पुलिस ने युवक को कड़ी सुरक्षा में चौकी में अपनी मौजूदगी में रखा तो स्टेशन पर दूसरी चौकी में किशोरी को सुरक्षा में रखा। बवाल के बाद लड़की जीआरपी के पास और लड़का आरपीएफ के पास था। जानकारी के मुताबिक किशोरी स्टेशन पहुंची और अपने प्रेमी को फोन किया। वह लड़का जब वहां पहुंचा तो एक समुदाय के लोगों ने उसे पीट दिया। इसके बाद दूसरे समुदाय के लोग भी वहां आ गए और बवाल शुरू हो गया।





## पेज एक का शेष...

**नागरिकों की सुरक्षा ..**भी अवसर काफी बढ़े हैं। ऐसे में अनेक अपराधी तत्व भी प्रदेश में आ गये जिनसे निपटने के लिए प्रशिक्षित पुलिस हर पल तैयार है। डीजीपी ने कहा कि पिछली कमियों पर न जाकर उनसे सीख लेने के बाद आगे की रणनीति तय की जाती है। उन्होंने सभी सीओ व थानेदारों को ईमानदारी व निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने कहा कि यातायात की समस्या के समाधान के लिए अनेक स्थानों पर पार्किंग भूमि चयनित कर व्यवस्था की जा रही है। जिससे जाम की समस्या भी कम हो रही हैं। डीजीपी ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है । स्मैक व चरस आदि नशे की आपूर्ति पड़ोसी राज्यों से आकर लोगों द्वारा की जाती है। जिन पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि पुलिस और जनता के बीच संवाद को टूटने नहीं दिया जायेगा और दोनों के मध्य आपसी विश्वास को हमेशा कायम रखा जायेगा। डीजीपी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस कर्मियों की कमी को जल्द दूर किया जायेगा। पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है। नई भारतीय न्याय संहिता के अनुसार प्रत्येक थाने में तीन वर्षों में फारेंसिंग टीम तैनात कर दी जायेगी। जिसके लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। महिला अपराधों को रोकने के लिए पुलिस गंभीरता से काम कर रही है। हर थाने में अलग डेस्क बनाने की कार्यवाही की जा रही है। ताकि शिकायत के लिए पहुंचने वाली महिला को किसी प्रकार की दिक्कत न हो सके। डीजीपी ने कहा कि पिछले तीन साल में महिलाओं पर अपराध ों के मामले में सामने आया है कि ज्यादातर परिचित लोगों ने ही दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम दिया है। इसके लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सब कुछ पुलिस के भरोसे छोड़ देना ठीक नहीं है। पुलिस अपना काम कर रही है लेकिन जनता को भी जिम्मेवारी समझनी होगी तभी अपराधा रूक पायेंगे। उन्होंने कहा कि नशा कारोबारियों के खिलाफ सख्ती से एक्शन लिया जा रहा है। कई नशा माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही हो चुकी है। नशा माफियाओं को नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म किया जायेगा। डीजीपी ने कम उम्र के बच्चों को मोबाइल दिये जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि अभिभावकों को इस पर ध्यान देना चाहिए। कम उम्र में बच्चों को मोबाइल मिलने से युवा पीढ़ी बर्बादी की ओर जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस जनता का विश्वास और दिल जीतने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि जन संवाद के माध्यम से आज जो समस्याएं सामने आयी हैं उनका निस्तारण प्राथमिकता से किया जायेगा। अपराध ों पर अंकुश लगाने के लिए सीसी टीवी नेटवर्क को और मजबूत किया जायेगा। जन संवाद कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक योग्य व्यक्ति को डीजीपी पद की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। उन्होंने अपराध रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को सीसीटीवी कैमरे लगाने को विधायक निधि से हर वर्ष न्यूनतम दस लाख रूपये देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डीजीपी अभिनव कुमार के नेतृत्व में पुलिस अपराध ाों को रोकने में कामयाब होगी। उन्होंने कहा कि शहर में रिंग रोड का कार्य काफी तेजी से हो रहा है। जिसके अगले वर्ष तक पूर्ण हो जाने की संभावना है। इससे नगर की यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हो जायेगा। उन्होंने कहा यह जनपद आपसी सौहाद की एक मिसाल है। जिसे कोई भी आपराधिक तत्व बिगाड़ नहीं पायेगा। इससे पूर्व डीजीपी के समक्ष किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा समेत तमाम लोगों ने समस्याएं रखी। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान डीजीपी ने जिले में सराहनीय कार्य करने वाले कई पुलिस अधि कारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लागों ने जनपद में आगमन पर डीजीपी का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह,एएसपी निहारिका तोमर,बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिवाकर पाण्डे, डा. प्रदीप अदलखा,महेश बब्बर, सुरजीत ग्रोवर, ओमप्रकाश अरोड़ा,संदीप राव, मनोज छाबड़ा, जाहिद रजा रिजवी, सिब्ते नबी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**करोड़ों की साईबर..**पर वादी को शार्ट टर्म में अधिक मुनाफे का भरोसा देकर ठगी की गयी । प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 द्वारा विवेचना प्रभारी निरीक्षक साईबर क्राईम अरूण कुमार को सुपुर्द करते हुये अभियोग के अनावरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । साईबर क्राईम पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त बैंक खातों/ रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बरों / वाट्सअप की जानकारी हेतु सम्बन्धित बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनी, मेटा कम्पनियों से डेटा प्राप्त किया गया । प्राप्त डेटा के विश्लेषण से जानकारी मे आया कि साईबर अपराधियो द्वारा घटना में पीड़ित से शेयर में मुनाफा व आईपीओ के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में धनराशि स्थानान्तरित करवायी गयी । विवेचना के दौरान साईबर थाना पुलिस टीम द्वारा बैंक खातो तथा मोबाइल नम्बरों का सत्यापन किया गया । पुलिस टीम द्वारा तकनीकी / डिजिटल साक्ष्य एकत्र कर घटना के मास्टर मांइड व मुख्य आरोपी बलबीर सिंह नेगी पुत्र हरि सिंह नेगी निवासी ग्राम व पोस्ट नैल, थाना गैरसैण, जनपद चमोली, हाल निवासी- म0न0 68बी रोहिला बिला, अम्बेडकरनगर, बिजवासन, थाना कापसहेडा, साऊथवेस्ट नई दिल्ली को चिन्हित करते हुये अभियुक्त की तलाश की गयी। लम्बी छानबीन के बाद बलबीर सिंह नेगी पुत्र हरि सिंह नेगी को टीम ने साऊथ वेस्ट दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त 1 मोबाइल फोन, आधार कार्ड 01, पैन कार्ड 01 भी बरामद हुए । अभियुक्त के वाट्सअप के माध्यम से अन्य साईबर अपराधियो से सम्पर्क में होने के साक्ष्य प्राप्त हुये है । पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त द्वारा व्हाटसप के माध्यम से ट्रैडिंग बिजनेस लिंक भेजकर वाट्सअप ग्रुप में जोड़ कर ऑनलाईन ट्रेडिंग करने शार्ट टर्म में अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर इन्वेस्ट के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही थी । अभियुक्त वाट्सअप ग्रुप में विभिन्न शेयर में इन्वेस्ट करने के नाम पर मुनाफा होने के फर्जी स्क्रीनशॉट भेजा करते थे तथा खुद को अधिक लाभ होने के बात करते थे जिससे ग्रुप के जुडे पीड़ित इनकें झांसे में आकर धनराशि इन्वेस्ट कर देते थे । इन्वेस्ट की गयी धनराशि में मुनाफा दिखाने हेतु यह एक फर्जी लिंक का प्रयोग करते थे जिसमें इनके नाम के बनाये गये फर्जी खातो/डेसबोर्ड में इन्वेस्ट की गयी धनराशि मुनाफा सहित पीड़ित को दिखायी देती थी । जिससे पीड़ित को अधिक मुनाफा होने का भरोसा हो जाता था । जिससे पीड़ित को अपने साथ हो रही साईबर धोखाधड़ी का अंदेशा नही हो पाता था । अपराधियों द्वारा धोखाधडी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैंक खातों में प्राप्त कर उक्त धनराशि को अन्य खातों में स्थानान्तरण करते थे । प्रारम्भिक पूछताछ में अभियुक्त ने साईबर अपराध हेतु जिन बैंक खातों का प्रयोग किया गया है उसमें करोड़ों रूपयों का लेनदेन होना प्रकाश में आया है । जाँच में यह भी प्रकाश में आया है कि अभियुक्त के बैंक खाते के विरुद्ध देश के कई राज्यों में कुल 14 साईबर अपराध ों की शिकायतें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ अरूण कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पंत, अपर उपनिरीक्षक सत्येन्द्र गंगोला, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार , कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल मौ0उस्मान, रवि बोरा आदि शामिल रहे।

**खेल महाकंभ के लिए...**आयोजन किया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में खेलों का वातावरण सृजित करने, युवाओ एवं दिव्यांगों को खेलों के प्रति आकर्षण पैदा करने, 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजवानी के दृष्टिगत राज्य में खेलों का माहौल तैयार करने, प्रतिभा खिलाड़ियों को चिन्हित करने के उद्देश्य से खेल, शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होने कहा कि राज्य के युवाओं को इलैक्ट्रानिकी संस्कृति से प्ले ग्राउंड संस्कृति की ओर आकर्षित करने के साथ ही न्याय पंचायत, विकास खण्ड, जनपद एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिता के दौरान अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना खेल महाकुम्भ का उद्देश्य है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खेल महाकुम्भ में 4 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक न्याय पंचायत स्तर, 25 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक ब्लाक स्तर व 16 नवम्बर से 10 जनवरी तक जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। उन्होने सभी स्तर पर खेल समितियों का गठन करते हुए निर्धारित समयानुसार खेलों का आयोजन कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा सभी स्तरों पर खेल के शुभारम्भ व समापन के आवसर पर जनप्रतिनिधियों का अवश्य आमंत्रित किया जाये। उन्होंने खेल महाकुम्भ का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये ताकि अधि क से अधिक बच्चें विभिन्न आयु वर्ग के खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकें। उन्होने कहा कि विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र के साथ ही नकद पुरस्कार डीपीटी के माध्यम से दिया जायेगा। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि खेल महाकुम्भ के लिए न्याय पंचायत व ब्लांक स्तर पर खेल मैदानों का चयन व समितियों का गठन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि खेल महाकुम्भ में उत्तराखण्ड राज्य का स्थाई निवासी खिलाड़ी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होने बताया कि खेल महाकुम्भ में अंडर-14 में 11 से 14 आयु वर्ग, अंडर-17 में 15 से 17 आयु वर्ग, अंडर-20 में 18 से 20 आयु वर्ग, अंडर-23 में 21 से 23 आयु वर्ग व दिव्यांग वर्ग में 14 से 23 आयु के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते है। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि खेल महाकुम्भ में विभिन्न स्तरों पर कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो, वालीबाल, बैडमिन्टन, फुटबाल, टेबिल-टेनिस, ताईक्वांडो, बाक्सिंग, जूडो, हैण्डबाल, बास्कटबाल, कराटे, हॉकी, मुर्गा झपट, मलखम्ब एवं योगासन कुल 17 खेल विद्याएं आयोजित होगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**नजूल भूमि का सौदा...**इकरारनामा कांता प्रसाद ने लिखवाकर उसके सामने मंगवाया। तब कांता प्रसाद ने कहा कि यह इकरारनामा उसे दे दो दस्तखत करके तथा नोटरी करवाकर अपने मित्र से भिजवा दूंगा। लेकिन लगभग एक सप्ताह तक नही भिजवाया। 4 जुलाई 2024 को अपने साथी से उसके पास भिजवाया जिस पर उसके दस्तखत थे, लेकिन नोटरी नही था। इस बीच उसने उक्त भूखण्ड की जाँच पड़ताल तहसील एवं नगर निगम रूद्रपुर में की तो यह पता चला कि उक्त भूखण्ड नगर निगम रूद्रपुर के नजूल की भूमि है तथा उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड कराये जाने के लिए कांता प्रसाद प्रयासरत है जो अभी नही हुई है और उक्त भूमि पर न्यायालयों में कांता प्रसाद से तथा नगर निगम रूद्रपुर के बीच विवाद भी चल रहा था। ऐसी स्थिति में उसे लगा कि कांता प्रसाद ने सरकारी जमीन को अपना बताकर विक्रय करने हेतु उससे झूठ बोलकर 10 लाख रूपये बतौर बयाना ले लिया है और छल-कपट कर ध ोखाधड़ी करते हुए अपने नाम से स्टाम्प खरीदकर फर्जी तौर पर सरकारी जमीन को अपना बताते हुए सौदा किया। कांता प्रसाद ने बयाने की धनराशि यह कहकर मना कर दिया कि वह अब भी उक्त भूमि की रजिस्ट्री करने को तैयार है और वह हर हाल में भूमि की रजिस्ट्री कर देगा। परन्तु वह रूपये वापिस नहीं करेगा। कांता प्रसाद गंगवार द्वारा उसको उसकी धनराशि ना तो लौटायी जा रही है, बल्कि जान से खत्म कर देने की ध मकी भी दी जा रही है। पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**प्लाट पर लोन लेकर..**जानकारी लेने के लिए शाखा प्रबन्धक, इलाहाबाद बैंक, काशीपुर के पास गया तो उन्होंने जानकारी देने से मना कर दिया कि यह हमारा व पार्टी का गोपनीय मामला है। हम इसकी जानकारी आपको नहीं दे सकते। उसने शाखा प्रबन्धक से काफी कहा कि मैं इस प्लॉट को खरीदना चाहता हूँ, उसे जानकारी दे दें, तब शाखा प्रबन्धक ने कहा कि आपने जो करना है करिये मैं जानकारी नहीं दे सकता। इसके बाद उसने गुरदयाल सिंह व हरप्रीत कौर से कहा कि उसे पता चला है कि आपने इस प्लॉट को बन्धक रखा हुआ है, तब दोनों ने कहा कि तुम्हें किसी ने गलत जानकारी दी है, हमारा प्लॉट पाक साफ है। जिसके बाद उसने प्लॉट का सौदा कर लिया और 6400 वर्गफिट के प्लॉट के 35 लाख रुपये देकर अपने नाम पर बैनामा करा लिया। जिसका दाखिल खारिज भी उसके नाम हो गया है। इसके बाद जब बैंक ने उक्त प्लॉट की नीलामी की घोषणा की तो उसे पता चला कि गुरुदयाल सिंह व हरप्रीत कौर ने इस प्लॉट पर लोन ले रखा है। जब उसने गुरुदयाल सिंह व हरप्रीत कौर से कहा कि तुमने मुझे लोन लिया हुआ प्लॉट बेचकर मेरे साथ धोखाध ड़ी की है तो दोनों आग बबूला हो गये और कहने लगे कि हां हमने तेरे प्लॉट को बैंक में बन्धक रखकर कर्ज ले रखा है, हम कर्ज जमा नहीं करेंगे, तुझसे जो हो कर लेना। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गुरुदयाल सिंह, हरप्रीत कौर व शाखा प्रबन्धक इलाहाबाद बैंक (इण्डियन बैंक) शाखा काशीपुर ने एक षड़यंत्र के तहत उसके साथ छल कपट व धोखाधडी कर पैसा हड़प लिया है। उसने उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस गुरुदयाल सिंह, हरप्रीत कौर व शाखा प्रबन्धक इलाहाबाद बैंक (इण्डियन बैंक) के खिलाफ आईपीसी की ध ारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

**ई रिक्शा चालक की...**वह डीडी चौक पर यातायात व्यवस्था संभाल रहा था। इसी दौरान महाराजा पैलेस के पास पहुँचा तो देखा कि कुछ ई रिक्शा चालक व्यवस्था बिगाड़ रहे थे। टुक टुक संख्या यूके 06ईआर8357 के चालक संजू कुमार उर्फ रघु शूटर को जब टोका तो वह अभद्रता करने लगा। जिसके बाद अन्य पुलिस कर्मी भी वहां आ गये उन्होंने भी चालक को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नही माना सरेआम गाली गलौच करते हुए धमकी देने लगा। अगले दिन से संजू कुमार पुनः अलग-अलग माध्यमों से धमकी दे रहा है। कहता है कि उसे छोडेगा नही। पीड़ित ने बताया कि 27 सितम्बर को जब वह किच्छा वाईपास रोड़ झील से आगे पुलिया के पास ड्यूटी कर रहा था। तभी शाम के समय संजू कुमार फिर उसे मिला और धमकाने लगा। कहने लगा की तूने मेरे साथ अच्छा नही किया तू मेरा रिकार्ड नही जानता है। मैं पहले भी एक पुलिस वाले को सबक सिखा चुका है। तुझे भी नही छोड़ूगा। पुलिस ने कांस्टेबल की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'केदारनाथ' में टाँय टाँय फिस्स हुआ भाजपा का सदस्यता अभियान

## निर्धारित 34000 सदस्यों की तुलना में 5699 सदस्य ही बना पाई भाजपा, सदस्यता अभियान के प्रति मंत्रियों एवं विधायकों की उदासीनता से भाजपा प्रदेश नेतृत्व खफा

-अर्श-

देहरादून। सूबे की केदारनाथ विधानसभा सीट, जोकि भाजपा विधायक के ही निधन से रिक्त हुई है, पर आगामी उपचुनाव में कब्जा बरकरार रखना भारतीय जनता पार्टी के लिए नाक का सवाल है। इसी के मद्देनजर भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान को कार्य रूप में परिणत करने की रूपरेखा कुछ इस प्रकार तैयार की थी, कि सदस्यता अभियान से केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र सहित समूचे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में एक मोमेंटम बन सके। अकेले केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा ने 34000 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया था, मगर केदारनाथ,जहां कि निकट भविष्य में विधानसभा उपचुनाव प्रस्तावित है ,में भाजपा का सदस्यता अभियान पूरी तरह टाँय- टाँय फिस्स हो गया है। सदस्यता अभियान का प्रथम चरण समाप्त होने तक केदारनाथ में भाजपा केवल 5699 सदस्य ही बन पाई। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि केदारनाथ





विधानसभा सीट पर उपचुनाव के मद्देनजर सदस्यता अभियान में पूरी ताकत झोंकने के बाद अगर भाजपा, केदारनाथ में प्रथम चरण की समाप्ति तक महज 5699 अर्थात निर्धारित लक्ष्य का केवल 17 फीसदी सदस्य ही बना पाई है, तो वह पिछले विधानसभा उपचुनाव में जीत के उत्साह से लबरेज कांग्रेस की चुनौती को ध्वस्त करते हुए केदारनाथ विधानसभा सीट कैसे बचा पाएगी? केदारनाथ विधानसभा सीट सहित उत्तराखंड की अन्य सभी विधानसभा सीटों में सदस्यता अभियान के अपेक्षित लक्ष्य तक ना पहुंच पाने के कारण भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश नेतृत्व राज्य शासन के मंत्रियों एवं भाजपा विधायकों से अच्छा खासा नाखुश है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के मंत्रियों एवं विधायकों ने पार्टी की सदस्यता अभियान को पूरी गंभीरता से नहीं लिया। शायद इसीलिए वे सदस्यता अभियान के प्रथम चरण की समाप्ति पर दिए गए लक्ष्य से काफी पीछे हैं । उत्तराखंड सरकार के मंत्रियों में केवल सितारगंज विधायक सौरभ बहुगुणा ही अभी तक 10000 सदस्य बनने के अपने लक्ष्य के करीब पहुंच सके हैं ।बाकी सभी मंत्रियों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ेगी। भाजपा के मंत्रियों के सदस्यता अभियान के प्रति उदासीनता का आलम यह है कि कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल और रेखा आर्य तो सदस्यता अभियान के प्रथम चरण की समाप्ति पर 1000 सदस्य बनाने के आंकड़े को बमुश्किल ही छू पाए। सूबे की 70 विधानसभा सीटों में से केवल एक कैंट विधानसभा क्षेत्र ही ऐसा है ,जहां भाजपा सदस्यता अभियान का 54 फीसदी लक्ष्य पूरा कर पाई है। वहीं सदस्यता अभियान के प्रथम चरण में राज्य के 25 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा 8 से 15 फीसदी तक ही सदस्य बन पाई है। इसके अलावा दो दर्जन विधानसभा क्षेत्र में पार्टी 16 से 24 फीसदी और 25 विधानसभा क्षेत्र में केवल 8 से 15 फीसदी सदस्य बना पाने में ही सफल हो सकी है।

# प्रीपेड विद्युत मीटर को लेकर व्यापारी मिले ईई से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष गोबिंद सिंह बगड़वाल, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामन्त्री राजीव जायसवाल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल



ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता डीडी पांगती के सुभाष नगर स्थित कार्यालय जाकर मिला। विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर के दुकान-दुकान व घर-घर जाकर सर्वे चल रहा है। जिस पर व्यापारी नेताओं ने जानकारी ली। विद्युत के मीटर किस प्रकार से लगाएंगे जाएंगे दूसरा प्रीपेड रिचार्ज उपभोक्ताओं को किस प्रकार से रिचार्ज कूपन वितरण होगा। प्रीपेड रिचार्ज सरलीकरण के हिसाब से होना चाहिए ताकि आम उपभोक्ता आसान से विभाग द्वारा या विभाग द्वारा अधिकृत स्थान से रिचार्ज कूपन प्राप्त कर सके। विद्युत विभाग द्वारा प्रीपेड विद्युत मीटर का दुकान- दुकान एवम घर-घर जाकर के सर्वे शुरू किया गया है। जिसे प्रीपेड विद्युत मीटर लागू करने से पहले विभाग द्वारा हर वार्ड में कैंप लगाया जाना चाहिए तथा शहर में सभी व्यापार मंडल एव जन प्रतिनिधियों को भरोसे मे लेकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लागू किया जाना चाहिए। उपभोक्ताओं को समझा कर किस प्रकार से प्रीपेड का हमें कैसे रिचार्ज कराना चाहिए। उपभोक्ताओं को व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो उसके लिए हमें जागरूक रहना पड़ेगा। ज्यादा जटिल समस्या होने पर विद्युत के मानकों के अनुसार विद्युत बिलों में मीटर में दरशाए गए यूनिट के अलावा कई प्रकार के लगने वाले पैसा तथा फिक्सचार्ज भी लोड के हिसाब से अलग-अलग कुछ पैसे सब से लिए जा रहे हैं। उसका भी आम उपभोक्ता को पता नहीं लग पाता। जिस कारण बिजली बहुत महंगी हो चली है इस पर भी रोक लगाई जाए। इसके लिए देवभूमि व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने अधिशाषी अभियन्ता को एक सुझाव पत्र भी सौंपा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जगमीत सिंह मीती, नगर उपाध्यक्ष परविंदर सिंह प्रिंस, जसविंदर सिंह भसीन, राजेंद्र बमेटा, प्रेम चौधरी, लक्ष्मी नारायण आदि व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद थे।

# हिंदुओं के मौन रहने से राज्य में अवैध घुसपैठियों की संख्या बढ़ीः वाजपेयी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हिंदुओं के लगातार मौन रहने से उत्तराखंड में अवैध घुसपैठियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उत्तराखंड की स्थिति और परिस्थिति भविष्य में विकराल रूप ले सकती है। भारत रक्षा मंच द्वारा आयोजित संगोष्ठी में मंच के प्रदेश संयोजक व संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी ने कहा उत्तराखंड की डेमोग्राफी राष्ट्र व धर्म विरोधी शक्तियों को पोषित करने वाले के कारण हिंदू समाज के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। देश के अंदर कई जगह पाकिस्तान और फिलिस्तीन की जय कहने वाले लोग मौजूद है। देश व उत्तराखंड में प्राकृतिक व्यवस्थाओं से लगातार छेड़छाड़ की जा रही है । अपने ही देश के अंदर दस राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हो रहा है। वही अवैध घुसपैठियों के कारण प्रदेश में लव जेहाद, लैंड जिहाद, बिजनेस जिहाद के धर्मांतरण के देवभूमि उत्तराखंड को इस्लामिक स्टेट बनाने वाली मानसिकताओं को कुचलने के लिए घुसपैठ विरोधी कठोर कानून



बनाकर घुसपैठियों को बाहर किया जाना चाहिए और घुसपैठियों के आधार, राशन और वोटर कार्ड बनाने वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ डबल सजा और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे युवाओ और महिलाओं के अस्तित्व पर आ रहे खघ्तरे से हिंदू समाज बच सके। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी आदेश मिश्रा, रघुनाथ, आदित्य मिश्रा, धीरेंद्र मिश्रा, सुलतान सिंह, गोपाल पटेल, रचित सिंह, सौरभ राठौर,राहुल गुप्ता, अंकित गंगवार, विवेक त्रिपाठी, ज्ञान सिंह, सुरज गंगवार, अकित पाठक आदि मौजूद रहे।

# रूद्रपुर स्टेडियम में जिला स्तरीय जू-जित्सु प्रतियोगिता कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय जु-जित्सू प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितंबर को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम, में किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर शुक्रवार को जिला जु-जित्सू कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारत भूषण चुघ की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण, महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष सेंसई किशोर सिंह ने प्रतियोगिता के उद्घाटन, प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को सहभागिता दिलाने, विधि व्यवस्था, चिकित्सा से संबंधित तथा अन्य विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। चुघ ने बताया कि प्रतियोगिता में संपूर्ण जनपद से लगभग 200 खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गो सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं एडल्ट्स की विभिन्न स्पधर्ओं में प्रतिभाग करेंगे। व प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी



खिलाड़ियों का चयन आगामी उत्तराखंड राज्य स्तरीय जूख्रजित्सु प्रतियोगिता 2024 के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन की जानकारी जिला खेल विभाग, उधम सिंह नगर को दी गई है। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में निष्पक्ष परिणाम के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की व विशिष्ठ अतिथि जीआरडी इंटरनैशनल स्कूल रूद्रपुर के वाइस चेयरमैन सतनाम चावला तथा प्रतियोगिता के समापन व पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जैन ग्लोबल स्कूल रूद्रपुर के प्रिंसिपल दीपक गुप्ता द्वारा किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव रेंशी विनय कुमार जोशी की देखरेख में होगी।

# दिनदहाड़े बकरा चोरी कर ले गये चोर

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर और ग्रामीण क्षेत्र से अजीबो गरीब मामले सामने आ रहे हैं शनिवार सुबह 11 बजे करतारपुर रोड से दो बाइक सवार एक बकरा चोरी करके ले गए पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 निवासी सलीम अहमद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका एक सफेद रंग का बकरा है शनिवार 11 बजे करतारपुर रोड पर राजीव गांधी कंप्यूटर सेंटर के पास था कि अचानक दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आये और बकरे को उठाकर चोरी करके ले गए घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई सलीम ने थाना गदरपुर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्र के सकेनिया में भी सकैनिया मसीत मार्ग पर भूरा कालोनी में बीते लगभग एक माह पूर्व एक बकरा और एक बकरी चोरी हुए है। कुछ समय पूर्व एक गरीब व्यक्ति चरण सिंह निवासी भूरा कालोनी के घर के आगे से दिन दहाड़े मोटर साइकिल सवार युवकों ने बकरा चोरी कर लिया था। बकरा/बकरी चोरी की घटनाओं से बकरा पालकों में रोष है वहीं थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि बकरा चोरी घटना की जांच की जाएगा।

